web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 01 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 153

# प्रदेश में मसालों का उत्पादन चार लाख टन

- जलवायु की अनुकूलता और भरपूर फ ायदे से किसान हो रहे आकर्षित
- छत्तीसगढ़ से अन्य राज्यों को हो रही है धनिया के बीजों की आपूर्ति

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मसालों की खेती का दायरा बढ़ते जा रहा है। राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों का खेती-किसानी के क्षेत्र में असर दिख रहा है। किसान नवाचार की ओर बढ़ रहे हैं। सामान्यत: छत्तीसगढ़ में जो किसान धान तथा अन्य परम्परागत फसलों की खेती करते रहे हैं, वे अब मसालों की खेती की ओर भी रूख कर रहे हैं। मसालों की खेती में छत्तीसगढ़ की देश में नई पहचान बन रही है।

छत्तीसगढ़ की जलवायु और मिट्टी मसालों की खेती के अनुकूल होने के कारण उत्पादन भी अच्छा हो रहा है। राज्य के किसानों को उत्पादन के साथ-साथ अच्छी आमदनी भी मिल रही है। छत्तीसगढ़ में मसालों की मांग और आपूर्ति में संतुलन की स्थिति आ रही है। इस समय मसालों का उत्पादन चार लाख मीट्रिक टन से भी अधिक है। साथ ही इस क्षेत्र में इतने उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं कि छत्तीसगढ़ से धनिया के भी बीज अन्य राज्यों को आपूर्ति की जा रही हैं।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार छत्तीसगढ़ की जलवायु मसालों के उत्पादन के अनुकूल है। इसलिए यहां मसालों की खेती लगातार बढ़ती जा रही है। हल्दी, अदरक, लाल मिर्च, अजवाईन, ईमली, लहसून की खेती की जा रही है। हल्दी, धनिया, मेथी, लहसून, मिर्च, अदरक की खेती छत्तीसगढ़ के करीब-करीब सभी क्षेत्रों में की जा रही है। वहीं बलरामपुर, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और मुंगेली में अजवाइन तथा कोंडागांव में काली मिर्च की खेती भी की जा रही है।

**हल्दी का उत्पादन सर्वाधिकऋ-** मसालों की खेती के रकबे के साथ-साथ उत्पादन में भी तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ में अभी 66081 हेक्टेयर में मसालों की खेती हो रही है



और लगभग 4 लाख 50 हजार 849 मीट्रिक टन मसालों का उत्पादन हुआ है। छत्तीसगढ़ में हल्दी का रकबा और उत्पादन सबसे अधिक है। उसके बाद अदरक, धनिया, लहसून, मिर्च, इमली की खेती की जा रही है।

**योजनाओं से मिल रही मदद-** मसाले की खेती के लिए किसानों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन, राष्ट्रीय कृषि योजना तथा अन्य योजना के तहत सहायता दी जाती है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत 24 जिलों में मसाले की खेती 13302 हेक्टेयर में की गई है और 93114 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। वही राज्य में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत विगत चार वर्षों में 1837.29 हेक्टेयर में मसाले की खेती की गई एवं औसतन 12861 मीट्रिक टन का उत्पादन प्राप्त हुआ है। इससे लगभग 3500 कृषक लाभान्वित हुए हैं।

**किसानों को मिल रही भरपूर आमदनी-** धनिया की खेती करने वाले कृषक मयंक तिवारी बताते हैं कि एक हेक्टेयर में बोने पर लगभग 20 हजार रूपए का खर्च आता है। फसल होने पर 60 से 65 हजार तक की आमदनी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सभी खर्च काटकर 40 से 45 हजार की शुद्ध आमदनी होती है।

बलौदाबाजार जिले में हल्दी की खेती करने वाली महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष लोकेश्वरी बाई ने बताया कि एक एकड़ में हल्दी लगाई है जिस पर 50,000 रूपए का लागत लगी है। फसल काफी अच्छी हुई तथा औसत उत्पादन 50-60 क्विंटल प्राप्त होने की सम्भावना है जिसमे से 5 क्विंटल की खोदाई हो गयी है जिसे पीसकर पैकिंग कर किराना दुकान में बेच रहे हैं जिससे 60-65 हजार की आमदनी हुई है। राजनांदगांव की कृषक अरपा त्रिपाठी, गोपाल मिश्र, संजय त्रिपाठी और जैनु राम ने मिलकर 12.208 हेक्टेयर में हल्दी की खेती की है। उन्हें 250-300 मीट्रिक टन उत्पादन प्राप्त होने की सम्भावना है।

कोरबा जिले के कृषक प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने 0.400 हेक्टेयर में अदरक की फसल बोई जिसमें 90 हजार रूपए की लागत आई। लगभग 47 क्विंटल उत्पादन हुआ, इसे बेचने पर उन्हें 1.40 लाख रूपए मिले। इस राशि में उन्हें 50 हजार रूपए का शुद्ध फायदा हुआ। बीते चार सालों में लगभग 300 किसानों को अदरक की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। इन किसानों ने 130 हेक्टेयर में अदरक की खेती कर 2000 टन अदरक का उत्पादन किया है।

**मसालों की नई किस्म पर शोध-** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक एस.एच. टूटेजा ने बताया कि बीते सालों में मसालों के बीजों पर शोध किया जा रहा है जिसमें धनिया की दो किस्में सीजी धनिया व सीजी चन्द्राहु धनिया विकसित की गई जिससे अच्छी फसल प्राप्त हो रही है। इसकी स्थानीय स्तर के अलावा अन्य 7 राज्यों में आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह हल्दी की भी नई किस्म विकसित की गई है। टूटेजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मसाला फसलों की बहुत अच्छी संभावना है। अब किसान जागरूक होकर इसकी खेती कर रहे हैं और अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं।

**राष्ट्रीय कार्यशाला-** छत्तीसगढ़ में मसालों की संभावनाओं और उनकी खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सरकंडा, बिलासपुर में 14 एवं 15 मार्च, 2023 को कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे तथा छत्तीसगढ़ में मसाला एवं सुगंधित फसलों के उत्पादन की संभावनाओं एवं क्षमताओं के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भरतपुर के डीग में सिलेंडर फटने से 3 लोग झुलसे, रिफलिंग के दौरान हुआ हादसा

**डीग (आरएनएस)।** डीग शहर के नीमघटा मौहल्ले में मंगलवार सुबह सिलेंडर फटने से तीन लोग झुलस गए। उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया। चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भरतपुर रेफर कर किया गया। सिलेंडर के धमाके से आसपास इलाके में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार नीमघटा मोहल्ला निवासी शिवराम जाटव के घर लोग बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भर रहे थे। तभी पास में चूल्हा जल रहा था। इसी दौरान अचानक सिलेंडर में आग लगने से छोटा सिलेंडर फट गया। घायलों में कृष्णा (16) पुत्र राजेंद्र जाटव, तनु (11) पुत्री राजेंद्र जाटव, शिवराम (37) पुत्र रघुनाथ जाटव है। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भरतपुर रेफर किया गया है।

### मुंबई लोकल ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतरी, कोई हताहत नहीं

**मुंबई (आरएनएस)।** मध्य रेलवे की उरण लाइन पर मंगलवार को मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गई। इसके बाद ट्रेनों का अस्थायी रूप से परिचालन रोक दिया गया। सीआर अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता शिवाजी सुतार के मुताबिक, बेलापुर से खारकोपर जाने वाली ट्रेन सुबह 8.46 बजे पटरी से उतर गई, लेकिन किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई। मरम्मत कार्यों के लिए राहत ट्रेनों को साइट पर भेजा गया है। हालांकि, हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेनें सामान्य रूप से चल रही हैं। मध्य रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, घटना खारकोपर स्टेशन से कुछ ही मीटर पहले हुई और पटरी से उतरी बोगियों ने कथित तौर पर रेलवे पटरियों के एक हिस्से को उखाड़ दिया, जिसे बदलने की आवश्यकता होगी।

### पीएम मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी चेन्नई के अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी को गुर्दे की बीमारी के कारण चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने ये जानकारी दी है। चेन्नई में अयनंबक्कम के अस्पताल के सूत्रों ने अधिक जानकारी दिए बिना बताया कि उनकी हालत स्थिर है। प्रह्लाद मोदी, जो ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष भी हैं, अपने परिवार के साथ आध्यात्मिक दौरे पर हैं और उन्होंने मदुरै मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वरम मंदिर और कन्याकुमारी देवी मंदिर का दौरा किया था। उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में और जानकारी की प्रतीक्षा है।

### टीएमसी का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट हैक, नाम और प्रोफाइल पिक्चर बदली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट को मंगलवार को हैक कर लिया गया। हैकर ने टीएमसी के ट्विटर अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और नाम को बदल दिया। ट्विटर हैंडल का नाम बदलकर 'युग लैब्स' कर दिया गया। दरअसल, युग लैब्स अमेरिका स्थित एक ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो एनएफटी और डिजिटल संग्रह विकसित करती है। यह क्रिप्टोकरेंसी और डिजिटल मीडिया में भी माहिर कंपनी है। बता दें कि इससे पहले भी कई पार्टियों के ट्विटर हैंडलों को हैक किया जा चुका है। बीते साल 10 दिसंबर को वाईएसआर कांग्रेस का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया था। इस अकाउंट पर क्रिप्टो करेंसी के पक्ष में ट्वीट किए गए थे। पार्टी के ट्विटर बायो को भी बदल दिया गया था।

### तुर्की में 5.6 तीव्रता का भूकंप, एक की मौत, 69 घायल

**अंकारा।** पूर्वी तुर्की में आए 5.6 तीव्रता के भूकंप के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 69 अन्य घायल हो गए। भूकंप का केंद्र मालट्या प्रांत के येसिलर्ट जिले में स्थित था, जो पहले ही 6 फरवरी को भूकंप के झटके महसूस कर चुका था। आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में भूकंप से पहले क्षतिग्रस्त हुई 25 इमारतें ढह गईं। इसके पहले 6 फरवरी को तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहारनमारस में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके कुछ मिनट बाद देश के दक्षिणी प्रांत गजियांटेप में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया और 1 बजे 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

# मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के उपमुख्यंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। दिल्ली के उपमुख्यंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। बता दें कि सिसोदिया कथित आबकारी घोटाले के मामले में पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर चल रहे, वहीं स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पहले से ही मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद हैं। मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने रविवार को गिरफ्तार किया था और सोमवार को कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड प्राप्त करने में कामयाब रही। सीबीआई की इस कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट पहुंचे लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि मामला दिल्ली में होने का यह मतलब नहीं कि आप सीधे सुप्रीम कोर्ट का रूख करें। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास अपनी जमानत को लेकर कई सारे विकल्प हैं। उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट जाना चाहिए। इस मामले में हम कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकते। वहीं सूत्रों के मुताबिक आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर अब इस मामले को हाईकोर्ट में लेकर जाएगी। पार्टी ने कहा कि हम कोर्ट का सम्मान करते हैं।

# दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह का शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हत्या, डकैती, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट के तहत मामलों का सामना कर रहे लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह के 29 वर्षीय शार्पशूटर को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान नजफगढ़ इलाके के रहने वाले सुधीर मान के रूप में हुई है। सुधीर मान ने हाल ही में मोहन गार्डन में एक रियल एस्टेट फर्म के एक व्यवसायी को बंदूक की नोक पर धमकाया था।

पुलिस ने मान के कब्जे से 0.32 बोर की एक अत्याधुनिक पिस्टल और चार गोलियां भी बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक, 23 फरवरी को सूचना मिली थी कि लॉरेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह का एक शूटर मान नाम दिल्ली और अन्य राज्यों में अपने गिरोह के लिए रंगदारी की गतिविधियों में शामिल है।

स्पेशल सेल के डीसीपी राजीव रंजन सिंह ने कहा कि इनपुट में आगे कहा गया है कि मान अन्य व्यवसायियों को रंगदारी के लिए धमकाने के लिए उत्तम नगर जाता था। मुख्य नजफगढ़-ढांसा रोड, मितरांव में एक जाल बिछाया गया था और मान को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में मान ने खुलासा किया कि जेल में बंद गैंगस्टर संदीप झांझरिया उर्फ काला जठेड़ी के निर्देश पर मार्च 2022 में उनके गिरोह के शूटरों ने मोहन गार्डन में एक रियल एस्टेट फर्म के मालिक पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी के लिए फायरिंग की थी।

डीसीपी ने आगे कहा कि व्यापारी के दोनों पैरों में गोली लगी थी। गंभीर धमकी के बावजूद व्यवसायी उनकी जबरन वसूली के आगे नहीं झुका। स्पेशल सेल ने कुछ ही समय में राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले, मध्य प्रदेश के नीमच, दिल्ली और हरियाणा से सभी पांच शूटरों, एक मुखबिर, एक हथियार सप्लायर और पांच साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

जेल में बंद गैंगस्टर सचिन भांजा ने जनवरी 2021 में मान को गुरुग्राम में एक अन्य गैंगस्टर अंकित लगरपुरिया से रंगदारी के लिए दिल्ली-एनसीआर के कारोबारियों को धमकाने के लिए मिलवाया था।

डीसीपी ने आगे कहा कि उस समय अंकित लगरपुरिया कई मामलों में बेहद वांछित था, लेकिन गुरुग्राम के सेक्टर 22 में एक पीजी में गुप्त रूप से एक अन्य वांछित अपराधी वीरेंद्र के साथ रह रहा था। लगरपुरिया ने उसे वीओआईपी कॉल के जरिए गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा और संदीप झंझरिया उर्फ काला जठेड़ी से भी मिलवाया।

डीसीपी ने आगे कहा कि साल 2021 में नजफगढ़ के झारोड़ा कलां स्थित सुपर बाजार के एक व्यवसायी को गोली मारने की योजना बनाई थी। इस व्यवसायी पर गोली चलाने की योजना तत्कालीन मोस्ट वांटेड गैंगस्टर काला राणा और काला जठेड़ी के साथ उसके वीओआईपी संवाद के माध्यम से बनाई गई थी।

# पुलवामा एनकाउंटर में एक जवान शहीद, जारी है मुठभेड़



**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में मंगलवार को एक मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया और एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। पुलिस ने कहा कि आतंकवादी का शव अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है और फिलहाल पदगामपुरा इलाके में मुठभेड़ जारी है।

पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षाबलों द्वारा इलाके की घेराबंदी करने के बाद आतंकियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलवामा में कल रात से ही एनकाउंटर जारी है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने पुलवामा जिले के राजपुरा के हाजिन गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों के सुरक्षा बल पर गोलियां चलाने से अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। सुरक्षा बल ने भी गोलीबारी का माकूल जवाब दिया।

अधिकारी ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक जवान घायल हो गया था, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। ऐसा माना जा रहा है कि घटनास्थल पर तीन से चार आतंकवादी मौजूद हैं। माना जा रहा है कि उनके पास भारी संख्या में हथियार हैं, जिसकी वजह से वह अब तक सुरक्षाबलों की पकड़ से बाहर हैं।

**अवंतीपोरा में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मार गिराया, कश्मीरी पंडित की हत्या में शामिल होने की आशंका-** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा इलाके में रात भर जारी मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना के बाद इस इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान पदगामपोरा में मुठभेड़ शुरू हो गई।

एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम जैसे ही संदिग्ध स्थान पर पहुंची, छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इससे वहां मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी की संबद्धता और पहचान अभी पता नहीं चल पाई है।

पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, मारे गए आतंकवादी का शव अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है। मुठभेड़ अभी जारी है और आगे की जानकारी सामने आएगी।

डीजीपी दिलबाग सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने आतंकियों की पहचान की कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों के मुताबिक मारा गया आतंकी कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल हो सकता है। वहीं सेना के दो जवानों के घायल होने की खबर है।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी की आठ करोड़ की संपत्ति सीज

**कानपुर (आरएनएस)।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के बाद अब उनकी संपत्तियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को दोपहर बाद विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के 4 प्लाट को सीज कर दिया गया। ये चारों प्लाट जाजमऊ के स्वर्ण जयंती विहार कालोनी में है। इनकी कीमत करीब 8 करोड़ रुपए है।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस,पीएसी और आरआरएफ की मौजूदगी में सीलिंग की कार्रवाई की गई। आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। किसी प्रकार की कोई गडबडी न हो इसके लिए मौके पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस ने करीब 1 किमी तक पैदल मार्च भी किया। इस दौरान भारी पुलिस बल ने मुनादी भी कराई।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक केडीए की स्वर्ण जयंती विस्तार योजना में 4 प्लॉट इरफान और उनके परिजनों के नाम पर लिए गए थे। सभी प्लॉट सपा सरकार के कार्यकाल में आवंटित हुए थे। इससे पहले इरफान के गैंगस्टर साथी शौकत पहलवान की 2 प्रॉपर्टी सीज की गई थी, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 34 करोड़ रुपए है। कानपुर से सीसामऊ विधानसभा से चार बार के विधायक इरफान सोलंकी के साथ ही उनके भाई रिजवान सोलंकी, सपा नेत्री के पिता शौकत अली, हिस्ट्रीशीटर इसराइल आटे वाला और मोहम्मद शरीफ पर गैंगस्टर एक्ट लगा है।

# वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, एवीएसएम, एनएम ने वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, एडीसी से फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एफओसी-इन-सी), पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) का पदभार ग्रहण किया। 28 फरवरी 23 को आईएनएस शिकरा में औपचारिक परेड आयोजित की गई। पदभार ग्रहण करने पर, ध्वज अधिकारी ने गौरव स्तंभ (नौसेना में समुद्री स्मारक पर विजय) पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। डॉकयार्ड, मुंबई)। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में कार्मिक प्रमुख के रूप में कार्य किया।सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के पूर्व छात्र, उन्हें 01 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। एक संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ, उन्होंने नौसेना के सीमावर्ती युद्धपोतों पर सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में सेवा की, और बाद में गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मुंबई के कार्यकारी अधिकारी और प्रधान युद्ध अधिकारी के रूप में। उन्होंने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों को भी संभाला है जिसमें मुंबई में पश्चिमी बेड़े के बेड़े संचालन अधिकारी, नौसेना संचालन निदेशक, प्रधान निदेशक नेटवर्क केंद्रित संचालन और नई दिल्ली में प्रधान निदेशक नौसेना योजना शामिल हैं। रियर एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर, उन्होंने आईएचक्यू एमओडी (एन) में नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) के रूप में और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट के रूप में कार्य किया। जून 2019 में वाइस एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर, फ्लैग ऑफिसर को एझिमाला, केरल में प्रतिष्ठित भारतीय नौसेना अकादमी के कमांडेंट के रूप में नियुक्त किया गया था। वह जुलाई 2020 से मई 2021 तक नौसेना संचालन के महानिदेशक थे, एक ऐसी अवधि जिसमें नौसेना समुद्री संचालन की उच्च गति देखी गई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि नौसेना एक युद्ध के लिए तैयार, एकजुट और विश्वसनीय बल बनी रहे, जो कोविड महामारी की चौतरफा गंभीरता के बावजूद कई जटिल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। एडमिरल रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के स्नातक हैं, जहां उन्हें थिमैया पदक से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 2007-08 में यूएस नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड में नेवल हायर कमांड कोर्स और नेवल कमांड कॉलेज में भी भाग लिया, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित रॉबर्ट ई बेटमैन इंटरनेशनल पुरस्कार जीता। वाइस एडमिरल त्रिपाठी कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल के प्राप्तकर्ता हैं। वह एक उत्सुक खिलाड़ी भी हैं और टेनिस, बैडमिंटन और क्रिकेट को भी उत्सुकता से देखते हैं। फ्लैग ऑफिसर अंतरराष्ट्रीय संबंधों, सैन्य इतिहास और नेतृत्व की कला और विज्ञान के एक उत्सुक छात्र हैं। उनका विवाह श्रीमती शशि त्रिपाठी से हुआ है, जो एक कलाकार और गृहिणी हैं और उनका एक बेटा है, जो पेशे से वकील है।